महत्वपूर्ण / फैक्स

संख्या: 14/2016/418 प्रो0/51-2016-14(86)/2016

प्रेषक,

अमित गुप्ता,
सचिव,
मुख्य मंत्री एवं प्रोटोकाल,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

मुख्य मंत्री कार्यालय (प्रोटोकाल अनुभाग) लखनऊ : दिनांक 15 फरवरी, 2016

विषय:- राज्य अतिथि घोषित महानुभावों के भोजन, प्रवास एवं परिवहन से संबंधित देयकों के भुगतान के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 समाप्त होने को है, अत: जिन महानुभावों को शासन के प्रोटोकाल अनुभाग द्वारा राज्य अतिथि घोषित किया गया हो, उनसे संबंधित प्रवास, भोजन एवं परिवहन से संबंधित देयक, भुगतान हेतु परिक्षणोंपरान्त अपनी संस्तुति सहित दिनांक 22-02-2016 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

साथ ही यह भी कहने का निदेश हुआ है कि राज्य अतिथि घोषित महानुभावों से संबंधित जिन जनपदों के देयकों के भुगतान के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा आपत्ति दर्शायी गयी हों, उनका निराकरण करतें हुए अपनी संस्तुति सहित उक्त निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमित गुप्ता)
सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।